# IIM Raipur Strengthens Alumni Bonds Across India with Memoria 25 Chapter Meets

# Or

# IIM Raipur to Host Grand Homecoming Meet in March 2025 to Strengthen Alumni Engagement

**Raipur, 11th February 2025:** Indian Institute of Management (IIM) Raipur, a leading institution recognized for #BuildingBusinessOwners, celebrated its alumni and hosted alumni meet “Memoria 25 Chapter Meets” at Mumbai and Hyderabad on February 9, 2025, with enthusiasm and camaraderie.

The day witnessed enthusiastic participation of alumni from various batches along with faculty members for an evening of networking, reminiscing, and insightful discussions reaffirming the institute’s commitment to fostering lifelong connections. The alumni represented a diverse mix of batches, predominantly from PGP, along with a few from EPGP and other executive programs.

The Hyderabad edition welcomed 28 alumni from diverse batches actively engaging with them in rekindling connections & strengthening alumni engagement. The highlight of this evening was the announcement of upcoming City Chapter Elections, encouraging the alumni to take an active role in maintaining the alumni-alma mater connection. The Mumbai Chapter Meet featured a musical performance creating an atmosphere of warmth and joy and bringing smiles to everyone’s faces.

The evening was filled with inspiration, camaraderie, and warmth. The stories exchanged, both humorous and insightful, created a strong sense of belonging. The night concluded with a group photograph for the faculty and alumni to cherish their memories.

Prof. Ram Kumar Kakani, Director, IIM Raipur shared, “Our alumni are our brand ambassadors, and we are very proud of them. We are fortunate to have old grades who are always ready to offer their time and expertise by voluntarily taking part in the institute’s development. These gatherings with our esteemed faculty members are more than just reunions, they are a testament of our renewed promise of continued engagement and stronger alumni-institute relations.”

The meet is also scheduled to take place in Bengaluru, Guwahati, Lucknow, Kolkata, and Delhi in the coming days of February and March. In addition, IIM Raipur is all set to host the **“Annual Home Coming Meet – *MEMORIA 2025*”** at the Raipur campus in March 2025.

**About IIM Raipur:**

Established in 2010, IIM Raipur is a hub for nurturing dynamic leaders, equipping them with the knowledge, experience, and invaluable contacts needed to excel in their respective fields of business. Our institution draws strength from over 50 accomplished academicians across various business domains and over 700 of the brightest minds in the country. In 2024, IIM Raipur proudly achieved significant rankings, including 14th in the MHRD-NIRF Business Ranking, in 2023, securing the top spot in the CSR-GHRDC B-school Ranking, and ranking 8th in the Outlook-ICARE list. We are one of the fastest-growing IIMs in the nation. Nestled in the vibrant heart of Chhattisgarh, Naya Raipur, our new, state-of-the-art campus seamlessly blends modern architecture with Chhattisgarh's rich culture and heritage, creating a unique and inspiring learning environment.

For more information, visit: www.iimraipur.ac.in

Building Business Owners






INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT RAIPUR

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर

Building Business Owners





## आईआईएम रायपुर भारत भर में पूर्व छात्र संबंधों को सुदृढ़ करने हेतु "मेमोरिया 25 अध्याय मिलन" आयोजित किया

## या

## आईआईएम रायपुर मार्च 2025 में भव्य गृह आगमन मिलन का आयोजन कर पूर्व छात्र जुड़ाव को प्रबल किया

**रायपुर, 11 फ़रवरी 2025:** भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर, जिसे #बिल्डिंगबिजनेसओनर के लिए जाना जाता है, ने अपने पूर्व छात्रों का उत्सव मनाते हुए 9 फ़रवरी 2025 को मुंबई और हैदराबाद में *"मेमोरिया25 अध्याय मिलन"* का आयोजन किया। यह आयोजन उत्साह और सौहार्द से परिपूर्ण रहा।

इस दिन विभिन्न शिक्षाक्षेत्रों के पूर्व छात्र तथा संकाय सदस्य उपस्थित रहे और संबंधों के पुनर्निर्माण, स्मरण एवं विचारशील चर्चाओं का आनंद लिया। यह आयोजन संस्थान द्वारा आजीवन संबंधों को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। पूर्व छात्रों में मुख्यतः स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम (पी.जी.पी.) के स्नातक सम्मिलित थे, साथ ही कुछ कार्यकारी स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम (ई.पी.जी.पी.) तथा अन्य कार्यकारी कार्यक्रमों के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

हैदराबाद अध्याय मिलन में 28 पूर्व छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की एवं संबंधों को पुनर्जीवित करने तथा संस्थान से जुड़ाव को और अधिक सशक्त करने पर बल दिया। इस संध्या का मुख्य आकर्षण आगामी नगर अध्याय चुनावों की घोषणा रही, जिसमें पूर्व छात्रों को संस्थान के साथ अपने संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं, मुंबई अध्याय मिलन में एक संगीतमय प्रस्तुति ने सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी और वातावरण को और अधिक आनंदमय बना दिया।

यह संध्या प्रेरणा, सौहार्द एवं आत्मीयता से परिपूर्ण रही। साझा किए गए अनुभवों ने, जो कभी हास्यपूर्ण तो कभी प्रेरणादायक रहे, एक गहन जुड़ाव की अनुभूति उत्पन्न की। इस आयोजन का समापन संकाय एवं पूर्व छात्रों के सामूहिक छायाचित्र के साथ हुआ, जिससे वे इस संध्या की मधुर स्मृतियों को संजोकर रख सकें।

भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने कहा, *"हमारे पूर्व छात्र हमारे संस्थान के ब्रांड प्रतिनिधि हैं और हमें उन पर गर्व है। हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारे पूर्व छात्र संस्थान के विकास में स्वेच्छा से भागीदारी कर अपने समय और विशेषज्ञता का योगदान देते हैं। हमारे सम्मानित संकाय सदस्यों के साथ ये मिलन केवल पुनर्मिलन नहीं हैं, बल्कि यह हमारे निरंतर जुड़ाव और संस्थान-पूर्व छात्र संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।"*

फरवरी और मार्च के आगामी दिनों में यह पूर्व छात्र मिलन बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, कोलकाता और दिल्ली में भी आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भा.प्र.सं. रायपुर मार्च 2025 में अपने रायपुर परिसर में "वार्षिक गृह आगमन मिलन – मेमोरिया 2025" का आयोजन करने हेतु पूर्णतः तैयार है।

भा.प्र.सं. रायपुर के बारे में:

2010 में स्थापित, भा.प्र.सं. रायपुर व्यावसायिक नेतृत्व को पोषित करने का एक प्रमुख केंद्र है, जो अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु आवश्यक ज्ञान, अनुभव एवं संपर्क प्रदान करता है। हमारे संस्थान में 50 से अधिक प्रतिष्ठित शिक्षाविद विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में योगदान देते हैं, तथा हमारे पास देशभर के 700 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

2024 में, भा.प्र.सं. रायपुर ने प्रतिष्ठित रैंकिंग प्राप्त की, जिसमें 2023 के मानव संसाधन विकास मंत्रालय-राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा (एम.एच.आर.डी.-एन.आई.आर.एफ.) व्यावसायिक शिक्षा रैंकिंग में 14वाँ स्थान, सी.एस.आर.-जी.एच.आर.डी.सी. व्यावसायिक शिक्षण संस्थान रैंकिंग में शीर्ष स्थान, तथा आउटलुक-आई.केयर सूची में 8वाँ स्थान प्राप्त किया। हम देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे प्रबंध संस्थानों में से एक हैं।

छत्तीसगढ़ के नवाचार से परिपूर्ण नया रायपुर में स्थित, हमारा नवीनतम अत्याधुनिक परिसर आधुनिक स्थापत्य और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति एवं विरासत का अनूठा समन्वय प्रस्तुत करता है, जिससे एक प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण निर्मित होता है।

अधिक जानकारी के लिए देखें: www.iimraipur.ac.in